दिन– गुरूवार दिनांक– 04 ⁄ 06 ⁄ 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आज तड़के अगलगी की घटना में चार मरीजों की मौत हो गयी। वहीं, बीस से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार आग अस्पताल के आईसीयू में लगी और पूरे अस्पताल में फैल गयी। फायरबिग्रेड कर्मियों ने काफी मुश्किलों के बाद आग पर काबू पाया। वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश मिश्र ने बताया कि शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आयी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने भी हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच होगी और जो भी इसके लिए दोषी होंगे, उनपर कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————

प्रदेश में ग्यारह मेगा फूड पार्क और अड़तीस फूड पार्क की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन पार्कों के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पचास हजार एकड़ रकबा का भूमि बैंक बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया।

————————————————————

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर किये जा रहे उन दावों का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा है कि सभी आधार कार्ड धारकों को इलेक्ट्रिक साईकिल दी जाएगी। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने इस दावे को फर्जी बताते हुए कहा है कि केंद्र सरकार ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है।

————————————————————

युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग की ओर से दरभंगा के अलग–अलग प्रखंडों में आज से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। ये मेले छह जून तक अलग–अलग प्रखंडों में लगाए जायेंगे। इधर, खगड़िया और मोतिहारी में आज एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

———————————————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं। इस बार मानसून अपने तय समय से तीन दिन देरी से पहुंचा है। इधर, प्रदेश में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। वहीं, आज राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि राज्य में संगठन का जल्द ही विस्तार किया जाएगा। कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि अब डिजिटल माध्यम से प्रखंड अध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष तक का चुनाव होगा। श्री राम ने कहा कि पार्टी ने डिजिटल माध्यम से ही सृजन साथी नामक अभियान की शुरूआत की है, जिसमें बढ़–चढ़ कर लोग भाग ले रहे हैं।

———————————————————

भागलपुर जिले के गोपालपुर के पोखरिया चौक के पास अपराधियों ने एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पहले से घात लगाए अपराधियों ने कारोबारी के सिर में सात गोलियां मारी, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————

अररिया नगर थाना क्षेत्र के गोढ़ी चौक के पास पुलिस ने छापेमारी एक यात्री बस से सात सौ आठ ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————————

गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम ने तीन महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के तीन मोबाईल फोन बरामद किये गए।

——————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।